बाल भारती पब्लिक स्कूल , नौएडा

काव्यांजलि

सत्र – (2017–2018)

कक्षा–वर्ग – VI – VIII

" कविता कलात्मक रीति से सजी हुई वह भाषा है जिसमें भावों की सुंदरतम अभिव्यंजना है।"

छात्रों में काव्य के प्रति रूचि जागृत करने हेतु पूर्व सत्र में माध्यमिक कक्षाओं में **'काव्यांजलि'** का सृजन किया गया। छात्रों ने बढ़–चढ़कर इसमें हिस्सा लिया और काव्य के चरम–सोपान को छूने का अनूठा प्रयास किया। इसी विशिष्टता को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी हिंदी–विभाग की ओर से **'काव्यांजलि'** के आयोजन हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया जा रहा है , जिसकी रूपरेखा इस प्रकार है :–

- प्रतियोगिता का आयोजन दो चक्रों में किया जाएगा – प्रथम एवं द्वितीय।
- प्रथम चक्र :– (कक्षागत गतिविधि)

  छात्र प्रत्येक वर्ग से दो–दो रचनाएँ कंठस्थ करके कक्षा में सुनाएँगे :–

  (नीति , श्रृंगार एवं भक्ति–रस के दोहे , वात्सल्य–रस के पद , प्रकृति–प्रेम, देशप्रेम व हास्य–व्यंग्य की रचनाएँ)
- द्वितीय चक्र :–

  निर्दिष्ट चक्र हेतु प्रत्येक कक्षा के वरीयता प्राप्त छात्रों का चयन करके दिए गए विषय पर स्वरचित कविता–लेखन एवं वाचन हेतु अवसर दिया जाएगा। तत्पश्चात वे निर्णायक महोदय द्वारा निर्देशित प्रथम चक्र की कविता का वाचन प्रस्तुत करेंगे।
- विजेता को 5000रू. की धनराशि एवं प्रशस्ति–पत्र प्रदान किया जाएगा।

कोमल मैंदीरत्ता

(टी. जी. टी. हिंदी)

For approval, pls.

Amita
8/8/17.

approved